प्रशासन गांवों के संग अभियान 2023

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बनेड़ा जिला भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी निरमा बिश्नोई आर०ए०एस०

मुकदमा नम्बर – 255/2022 राजस्व प्रार्थना पत्र

बनाम

1–किशनलाल पिता लादुलाल दरोगा निवासी बालापुरा तहसील बनेड़ा
2– छोटी पिता लादुलाल दरोगा निवासी बालापुरा तहसील बनेड़ा
3– देऊ पत्नी लादुलाल दरोगा निवासी बालापुरा तहसील बनेड़ा
4– नाबालिग बन्टी पिता लादुलाल संरक्षक सरपरस्त माता देऊ पत्नी लादुलाल दरोगा निवासी बालापुरा तहसील बनेड़ा
5– बबली पिता लादुलाल दरोगा निवासी बालापुरा तहसील बनेड़ा
6– भैरूलाल पिता लादुलाल दरोगा निवासी बालापुरा तहसील बनेड़ा
7– सन्तोक पिता लादुलाल दरोगा निवासी बालापुरा तहसील बनेड़ा
8– सम्पत पिता लादुलाल दरोगा निवासी बालापुरा तहसील बनेड़ा

–प्रार्थीगण

बनाम

1– भैरू पिता बक्षु दरोगा निवासी बालापुरा तहसील बनेड़ा
2– गोपाल पिता बक्षु दरोगा निवासी बालापुरा तहसील बनेड़ा
3– शाकेत पिता जी.एल. कनोडिया निवासी बी 62 सुरजमल बिहार दिल्ली हाल मुकाम सुल्जकोण फेक्ट्री रायसिंहपुरा तहसील बनेड़ा
4– दयानन्द टेक्सटाईल इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. मुखण्ड ए एफ 233, मरूधर इण्डस्ट्रीयल एरिया फेस द्वितीय बासनी जोधपुर हाल रायसिंहपुरा तहसील बनेड़ा
5– तहसीलदार बनेड़ा

–विपक्षीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

अधिवक्ता प्रार्थी–मुरारी जोशी

## निर्णय

दिनांक :– 15/05/2023

**प्रार्थी** की ओर से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राज०भू०राज० अधिनियम 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम रायसिंहपुरा तहसील बनेड़ा जिला भीलवाड़ा में स्थित आराजी नम्बर **1103, 1104, 1105, 1106, 1107** कुल किता 5 रकबा 1.2267 है० के खातेदार काश्तकार है। वादग्रस्त आराजियात की भूमि के विपक्षीगण पडौसी है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। इसलिए **प्रार्थी** अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहते हैं। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

**प्रार्थी** का प्रार्थना पत्र पंजीबद्ध किया गया। पत्रावली का एवं प्रस्तुत खाते की नकल जमाबंदी का अवलोकन किया गया। जमाबन्दी सम्वत् ग्राम रायसिंहपुरा तहसील बनेड़ा जिला भीलवाड़ा में स्थित आराजी नम्बर **1103, 1104, 1105, 1106, 1107** कुल किता 5 रकबा 1.2267 है० भूमि प्रार्थी के नाम दर्ज होकर है। **प्रार्थी** अपने खाते की उक्त कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने

[signature]

के अधिकारी है। इस आदेश से किसी भी पक्षकार का राजस्व अभिलेख में किसी प्रकार का हक व अधिकार तय नहीं होते है तथा न किसी प्रकार अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः नैसर्गिक सिद्धान्त के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र आंशिक स्वीकार किया जाना उचित समझता हूं।

## // आदेश //

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र धारा–111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के तहत **आंशिक स्वीकार** किया जाकर मौजा **रायसिंहपुरा** में स्थित प्रार्थी की उपरोक्त  की आराजीयात में से **आराजी नम्बर 1103, 1104, 1105, 1106, 1107 कुल किता 5 रकबा 1.2267 है0 होने से उक्त आराजियात** की भूमि सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढी किये जाने का आदेश दिया जाता है। पत्थरगढी किये जाने के लिये भू0अ0निरीक्षक बनेड़ा को **500/–** रूपये कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर उभयपक्षकारान को विधियत नोटिस तामिल करा उन्हें मौके पर उपस्थित रहने हेतु पाबंद करावे। पत्थरगढी से पूर्व उभयपक्षकारान की लिखित सहमति प्राप्त ली जावे। लिखित सहमति पश्चात उनकी उपस्थिति में ही पत्थरगढी की कार्यवाही सम्पन्न जावें अन्यथा नहीं। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा करावें। पत्थरगढी करने के पश्चात यदि यह पाया जाता है कि प्रार्थीगण की भूमि पर अन्य काश्तकार का या किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा है तो ऐसी स्थिति में प्रार्थीगण को विधियत कब्जा प्राप्त करने हेतु सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने हेतु स्वतंत्र है। उक्त आदेश के तहत किसी प्रकार से राजस्व रेकार्ड में फेरबदल नहीं किया जावे। यदि प्रार्थीगण की उपरोक्त खातेदारी भूमि के संबंध में अन्य न्यायालयों में कार्यवाही विचाराधीन होने एंव स्थगन होने पर पत्थरगढी कार्य नहीं किया जावे। अतः तहसीलदार बनेड़ा जो कि उक्त प्रकरण में कमिश्नर है, मौके पर उपस्थित प्रार्थीगण व विपक्षीगण की उपस्थिति में पत्थरगढी की जाकर पर्चा मौका मय मानचित्र प्रस्तुत करे। पत्थरगढी किये जाने के लिये तहसीलदार को पालना हेतु लिखा जावे। आदेश की पालना अपील अवधि समाप्ति पश्चात ही की जावे। अपील अवधि के भीतर आदेश की पालना नहीं की जावे।

निर्णय आज दिनांक **15/05/2023** को मेरे द्वारा लिखाया जाकर केम्प कोर्ट मुख्यालय **बरण** पर सुनाया गया।

(निरमा बिश्नोई)
उपखण्ड अधिकारी
बनेड़ा जिला भीलवाड़ा

प्रतिलपि :–

तहसीलदार बनेड़ा के पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान को नोटिस तामिल करा उनकी मौजूदगी में नियमानुसार पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उपखण्ड अधिकारी
बनेड़ा जिला भीलवाड़ा

| तारीख हुक्म 255/2022 | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर अह. इस हु. तामील में हुए |
|---|---|---|
| 15.05.2023 | पत्रावली आज दिनांक को प्रशासन गांव के संग अभियान 2023 केम्प के तहत केम्प कोर्ट बरण पर पेश हुई। प्रकरण को अवलोकन किया गया। अवलोकन से **प्रार्थी** अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी करवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके पक्ष में **प्रार्थी** द्वारा ग्राम **रायसिंहपुरा** जमाबंदी संवत्  तक की संलग्न की गयी है। प्रकरण मूल रूप से **पत्थरगढी/सीमांकन** से संबंधित होने से किसी अन्य खातेदारान/पड़ौसियान के हक अधिकार प्रभावित नहीं होते है न ही किसी प्रकार के हक अधिकार निर्धारित किये जाते है। **प्रार्थी** के प्रार्थना पत्र में अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी बाबत वर्णित तथ्यों से मेरा समाधान हो जाने से **प्रार्थी** का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित समझता हूं। **आराजी नम्बर 1103, 1104, 1105, 1106, 1107 कुल किता 5 रकबा 1.2267 है0** दर्ज रेकार्ड होने से **प्रार्थी** का प्रार्थना पत्र आंशिक स्वीकार किया जाता है। निर्णय अलग से लिखाया जाकर शामिल पत्रावली करवाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बनेड़ा | |